# निपुण लक्ष्य - कक्षा 3 (8-9 वर्ष)

NIPUN BHARAT

## अ हिन्दी

- विद्यार्थी अज्ञात अनुच्छेद (8 से 10 वाक्य) को समझ, स्पष्टता एवं प्रवाह के साथ पढ़ लेता है तथा उससे संबंधित 75% प्रश्नों के सही उत्तर दे लेता है।
- विद्यार्थी किसी चित्र, कहानी, घटना अथवा विषय पर अपने विचार, भावनाएँ एवं अनुभव 4 से 6 वाक्यों में स्वतंत्र रुप से लिख लेता है।

## गणित

- विद्यार्थी तीन अंकीय संख्याओं का जोड़-घटाव तथा दो अंकीय संख्याओं का गुणा कर लेता है।
- विद्यार्थी दैनिक जीवन में कैलेंडर एवं घड़ी का प्रयोग कर लेता है तथा रुपये 500 तक का लेन - देन कर लेता है।

## पर्यावरण अध्ययन

- विद्यार्थी परिवार एवं समुदाय में विद्यमान संबंधों एवम राष्ट्रीय पर्वों, त्योहारों तथा स्थानीय मेलों पर आधारित अपने विचार, भावनाएँ एवं अनुभव 4 से 6 वाक्यों में मौखिक एवं लिखित रुप से व्यक्त कर लेता है।
- विद्यार्थी जीवन के लिए आवश्यक प्राकृतिक एवं मानवीय संसाधनों की पहचान कर लेता है तथा देखभाल के सरल उपाय मौखिक एवं लिखित रुप से बता लेता है।

## A English

- The student understands the simple instructions in English and responds accordingly.
- The student reads 4–6 words with understanding and writes 75% of dictated familiar words correctly.

**हम बनाएंगे निपुण प्रदेश**

# निपुण लक्ष्य - कक्षा 4 (9-10 वर्ष)

NIPUN BHARAT

## अ हिन्दी

- विद्यार्थी अज्ञात अनुच्छेद (10 से 12 वाक्य) को समझ, स्पष्टता एवं प्रवाह के साथ पढ़ लेता है तथा उससे संबंधित 75% प्रश्नों के सही उत्तर दे लेता है।
- विद्यार्थी समाचार पत्र, बाल साहित्य, कहानी, घटना आदि पर आधारित अपने विचार, भावनाएँ एवं अनुभव 6 से 8 वाक्यों में स्वतंत्र रुप से लिख कर व्यक्त कर लेता है।

## गणित

- विद्यार्थी तीन अंकीय संख्याओं में दो अंकीय संख्याओं से गुणा एवं भाग कर लेता है।
- विद्यार्थी समय, लम्बाई, भार एवं धारिता से सम्बन्धित अवधारणाओं एवं मात्रकों का प्रयोग दैनिक जीवन में कर लेता है।

## पर्यावरण अध्ययन

- विद्यार्थी यातायात के नियमों, आपातकालीन स्थितियों जैसे- धुआँ, आग, साधारण चोट आदि से निपटने के उपायों को समझता है तथा उनसे संबंधित 75% प्रश्नों के सही उत्तर मौखिक एवं लिखित रुप से दे लेता है।
- विद्यार्थी प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग, उनके रख-रखाव और संरक्षण के तरीकों से संबंधित 75% प्रश्नों के उत्तर मौखिक एवं लिखित रुप से दे लेता है।

## A English

- The student reads a passage of 6–8 sentences from the textbook with comprehension and answers at least 75% of the questions correctly.
- The student accurately writes at least 75% of simple and small 4-6 sentences during a dictation activity.

**हम बनाएंगे निपुण प्रदेश**

# निपुण लक्ष्य - कक्षा 5 (10-11 वर्ष)

## हिन्दी

- विद्यार्थी अज्ञात पाठ / समाचार पत्र / बाल साहित्य (12 से 15 वाक्य) को समझ, स्पष्टता एवं प्रवाह के साथ पढ़ लेता है तथा उससे संबंधित 75% प्रश्नों के सही उत्तर दे लेता है।
- विद्यार्थी किसी विषय या घटना से सम्बन्धित अपने अनुभव के आधार पर क्रमबद्धता के साथ 10 से 12 वाक्यों का संदेश / पत्र / कहानी / कविता स्वतंत्र रुप से लिख लेता है।

## गणित

- विद्यार्थी भिन्नों की पहचान, तुलना एवं समान हर वाले भिन्नों के जोड़ से सम्बन्धित 75% प्रश्नों को हल कर लेता है।
- विद्यार्थी दी गई ज्यामितीय आकृतियों (2D/3D) में भुजा, कोण एवं शीर्ष की पहचान कर लेता है।

## पर्यावरण अध्ययन

- विद्यार्थी फसल चक, ऋतु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित 75% प्रश्नों के सही उत्तर मौखिक एवं लिखित रुप से दे लेता है।
- विद्यार्थी सामाजिक एवं प्राकृतिक पर्यावरण के हित में मूल्यों तथा आदतों पर आधारित अपने विचार, भावनाएँ एवं अनुभव 8 से 10 वाक्यों में मौखिक एवं लिखित रुप से व्यक्त कर लेता है।

## English

- The student speaks & writes two or three meaningful sentences on a given topic from his/her environment.
- The student reads an unseen passage of 8–10 sentences with comprehension and answers at least 75% of the questions correctly.

**हम बनाएंगे निपुण प्रदेश**